13-07-2021

राष्ट्रीय डॉल्फिन अनुसंधान केन्द्र

प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय अनुसंधान केन्द्र जल्द ही पटना में स्थापित किया जायेगा।
2. इस अनुसंधान केन्द्र का खुलना लुप्तप्राय गंगा नदी डॉल्फिन के सरंक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम होगा।
3. प्रोजेक्ट डॉल्फिन प्रोजेक्ट टाइगर की तर्ज पर शुरू किया गया था, जिसमें बाघो की आबादी बढ़ाने में मदद मिली है।

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03
(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी

भूमिका :- हाल ही में बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय डॉल्फिन अनुसंधान के NDRC को जल्द ही पटना में स्थापित किया जायेगा। इस अनुसंधान केन्द्र स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-

- इस अनुसंधान केन्द्र का खुलना लुप्तप्राय गंगा नदी डॉल्फिन के संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम होगा।
- अनुसंधान केन्द्र स्थापित करने के लिए गंगा नदी के किनारे पटना विश्वविद्यालय के परिसर में 4,400 वर्ग मीटर भूमि पर NDRC का निर्माण किया जा रहा है।
- बिहार शहरी विकास विभा ने गंगा से 200 मीटर की दूरी पर NDRC के भवन के निर्माण को पहले ही मंजूरी दे दी है।
- प्रोजेक्ट डॉल्फिन प्रोजेक्ट टाइगर की तर्ज पर शुरू किया गया था। जिससे बाघों की आबादी बढ़ाने में मदद मिली है।
- इस पहल को दिसंबर 2019 में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय गंगा परिषद NGC की पहली बैठक में सैद्धांतिक मंजूरी मिली।
- यह गंगा की डॉल्फिन को बचाने के लिए शुरू किया गया एक विशेष संरक्षण कार्यक्रम है। यह परियोजना पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जाएगी।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

- गंगा नदी डॉल्फिन भारत का राष्ट्रीय जलीय जंतु है। इसे वन्य जीवन (संरक्षण) अधिनियम 1972 के तहत अनूसूची I पशु के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।
- इसे Internation Union for Conservation of nature (IUCN) द्वारा लुप्तप्राय घोषित किया गया है।
- गंगा नदी डॉल्फिन दुनियाभर में ताजे पानी की चार डॉल्फिन प्रजातियों में से एक है। अन्य तीन मीठे पानी की डॉल्फिन चीन में यांगत्जी नदी विलुप्त पाकिस्तान में सिंधु नदी और दक्षिणी अमेरिका में अमेजन नदी में पाई जाती है।

विबंलडन टेनिस चैम्पियनशिप खिताब 2021

प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इस टूर्नामेंट की शुरूआत 28 जून 2021 को हुई थी, जिसका फाइनल 11 जुलाई 2021को इंग्लैड के लंदन में खेला गया था।
2. नोवाक जोकोविच एक सर्बियाई पेशेवर टेनिस खिलाड़ी है, जिन्हे Association of Tennis Professionals ATP के द्वारा विश्व नंबर 1 के रूप में स्थान दिया गया है।
3. विबंलडन चैपियनशिप दुनिया भर में सबसे पुराना टेनिस टूर्नामेंट है। इसे व्यापक रूप से सबसे प्रतिष्ठित चैंपियनशिप माना जाता है।

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03
(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी

भूमिका :- हाल ही में नोवाक जोकोविच ने अपना ग्रैंड स्लैम विबंलडन टेनिस. चैम्पियनशिप खिताब 2021 जीता है।

परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-

- द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पहली बार कोविड-19 महामारी के कारण 2020 में चैपियनशिप टूर्नामेंट रद्द कर दिया गया था।
- इस टूर्नामेंट की शुरूआत 28 जून 2021 को हुई थी, जिसका फाइनल विबंलडन मेंस सिंगल चैंपियनशिप 2021 इंग्लैड के लंदन में ऑल इंग्लैड लॉन टेनिस एंड क्रोकेट क्लब में आयोजित की गई थी।
- विबंलडन चैंपियनशिप दुनिया भर में सबसे पुराना टेनिस टूर्नामेंट है। इसे व्यापक रूप से सबसे प्रतिष्ठित चैंपियनशिप माना जाता है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

- वर्ष 1877से विबंलडन क्लब में आयोजित किया गया है। यह आउटडोर ग्रांस कोर्ट पर खेला जाता है। यह टूर्नामेंट पारंपरिक रूप से जून के अंत और जुलाई की शुरूआत में दो सप्ताह में होता है।
- विबंलडन

चार ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट में से एक है। अन्य टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन है। विबंलडन एकमात्र प्रमुख टूर्नामेंट है, जो अभी पारंपरिक टेनिस खेलने की सतह, घास पर खेला जाता है।

- नोवाक जोकोविच एक सर्बियाई पेशेवर टेनिस खिलाड़ी है, जिन्हें Association of tennis Professionals (ATP) के द्वारा विश्व नंबर 1 के रूप में स्थान दिया गया है। वह 329 हफ्तों के रिकॉर्ड समय तक नंबर 1 रहे। अब तक उन्होंने 20 ग्रैंड स्लैम पुरूष एकल खिताब और 85 एटीपी एकल खिताब जीते है।

जगन्नाथ पूरी रथ यात्रा

प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. रथ यात्रा एक हिंदू त्यौहार है, जिसका संबंध भगवान जगन्नाथ से है, तथा इसका आयोजन पूरी ओडिशा में किया जाता है।
2. इस रथ यात्रा की शुरूआत आषाढ़ मास के शुल्क पक्ष की द्वितीय तिथि की होती है।
3. इस मंदिर का निर्माण 12 वीं शताब्दी में पूर्वी गंग राजवंश के राजा अंनतवर्मन चोडगंग देव द्वारा किया गया था।

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03
(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी

भूमिका :- हाल ही में ओडिशा में जगन्नाथ रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा 12 जुलाई 2021 से 20 जुलाई 2021 तक चलेगी।

परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-

- रथ यात्रा एक हिंदू त्यौहार है, जिसका संबंध भगवान जगन्नाथ से है। तथा इसका आयोजन पुरी ओडिशा में किया जाता है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

- इस रथ यात्रा की शुरूआत आषाढ़ मांस (पारंपरिक उडिया कैलेंडर के अनुसार तीसरा महीना) के शुल्क पक्ष की द्वितीय तिथि की होती है।
- यह 9 दिन तक चलने वाला कार्यक्रम है, तथा भगवान कृष्णा की अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ पूरी के सारदा बाली के निकट मौसी माँ मंदिर से होते हुए गुंडिचा मंदिर में वापसी का प्रतीक है।
- उत्सव के दौरान भगवान जगन्नाथ, उनके भाई बलराम (बलभद्र) और बहन सुभद्रा की मूर्तियों को ले जाने वाली पवित्र रथों को भारत के साथ-साथ विदेशों से आने हजारों भक्तों द्वारा खीचा जाता है।
- इस मंदिर का निर्माण 12 वीं शताब्दी में पूर्वी गंग राजवंश के राजा अनंतवर्मन चोड़ागदेव द्वारा किया गया था।
- जगन्नाथ पूरी मंदिर को यमनिका तीर्थ भी कहा जाता है, जहाँ हिंदू मान्यता के अनुसार पूरी भगवान जगन्नाथ की उपस्थिति के कारण मृत्यु के देवता यम की शक्ति समाप्त हो गई है।
- इस मंदिर को श्वेत पैगोडा कहा जाता था और यह चारधाम तीर्थयात्रा बद्रीनाथ, द्वारका, पुरी, रामेश्वर का एक हिस्सा है।
- मंदिर के चार पूर्व में सिंह द्वारा दक्षिण में अश्व द्वार पश्चिम में व्याघरा द्वार और उत्तम में हस्ति द्वार मुख्य द्वार है, प्रत्येक द्वार पर नक्काशी की गई है।
- प्रत्येक द्वार पर विभिन्न प्रकार की नक्काशी है। इसके प्रवेश द्वार के सामने अरूण स्तंभ या सूर्य स्तंभ स्थित है, जो मूल रूप से कोणार्क के सूर्य मंदिर में स्थापित था।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS